# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट -थाना कम्पिल

## दिनांक :- 12.07.2025

**थाना कम्पिल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-81/2025 धारा-305/331(4) बीएनएस व मु0अ0सं0 32/25 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये 03 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री हरीश चंदर के कुशल पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी कायमगंज श्री संजय वर्मा के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कम्पिल पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-81/2025 धारा-305/331(4) बीएनएस व मु0अ0सं0-32/25 धारा-303(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता:-**

**1.** विकास उर्फ गौरव चौहान पुत्र रामवक्श ठाकुर निवासी हरिपुर थाना किशनी जनपद मैनपुरी।

**2.** पीतम पुत्र पप्पू वाल्मीकि निवासी मो0 दलमीर खां कस्बा व थाना शमसाबाद जनपद फतेहगढ़ ।

**3.** सरजीत चौहान पुत्र नवाब सिंह निवासी विजय नगर थाना सिकन्दरपुर वैश्य जनपद कासगंज।

**घटना का विवरण:-** वादी श्री प्रिंस गुप्ता पुत्र मूलचन्द्र गुप्ता निवासी माझगाँव पूर्व थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़ द्वारा थाना कम्पिल पर सूचना दी गई कि अज्ञात चोरों द्वारा मेरी दुकान का शटर खोलकर रूपये व किराना का सामान चुरा लिया गया है। तहरीर के आधार पर थाना कम्पिल पर दिनांक 20.05.2025 को मु0अ0सं0-81/2025 धारा-305/331(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया एवं दिनाँक 02.03.2025 को वादी श्री वीरभान सिंह भदौरिया पुत्र स्व0 नेकसे सिंह निवासी ग्राम गढिया जगन्नाथ थाना राजा का रामपुर जनपद एटा द्वारा सूचना दी गई कि अज्ञात चोरों द्वारा उसके खेत पर लगे ट्रांसफार्मर को खोलकर उसमें से तार व अन्य सामान को चोरी कर लिया गया है, वादी की सूचना के आधार पर थाना कम्पिल पर मु0अ0सं0 32/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में मु0अ0सं0-81/2025 धारा-305/331(4) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभि0गण 1.विकास उर्फ गौरव चौहान पुत्र रामवक्श ठाकुर निवासी हरिपुर थाना किशनी जनपद मैनपुरी 2. पीतम पुत्र पप्पू वाल्मीकि निवासी मो0 दलमीर खाँ कस्बा व थाना शमशाबाद जनपद फतेहगढ़ 3. सरजीत चौहान पुत्र नवाब सिंह निवासी विजय नगर थाना सिकन्दरपुर वैश्य जनपद कासगंज तथा मु0अ0सं0 32/25 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. विकास उर्फ गौरव चौहान पुत्र रामवक्श ठाकुर निवासी हरिपुर थाना किशनी जनपद मैनपुरी 2. पीतम पुत्र पप्पू बाल्मीकि निवासी मो0 दलमीर खाँ कस्बा व थाना शमशाबाद जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-** अभियुक्तगण ने पूछने पर बताया कि हम तीनों ने मिलकर दिनांक 20.05.2025 की रात में कस्बा कम्पिल में जैन धर्मशाला के पास परचून की दुकान का ताला तोडकर चोरी की थी जिसमें हम लोगों को 15000 रूपये मिले थे तथा कुछ खाने पीने का सामान चोरी किया था जिसमें हम तीनो नें 05-05 हजार रूपये बांट लिये थे। तथा विकास उर्फ गौरव व पीतम उपरोक्त ने बताया कि हम दोनों फरवरी 2025 में कस्बा कम्पिल में चोरी करने के लिए आये थे लेकिन कही भी चोरी करने का मौका नही मिला तो वापस जाते समय बिल्सडी के जंगल में लगे ट्रांसफार्मर को नीचे गिराया तो गिरने से ट्रांसफार्मर का तेल फैल गया तथा ट्रांसफार्मर के अन्दर से कॉपर को हम दोनों ने चोरी कर लिया था जिसे हम दोनों ने राह चलते व्यक्ति को अगले दिन अलीगंज के पास 4000 रूपये में बेच दिया था जिसमें हम दोनों ने 02-02 हजार रूपये बांट लिये थे साहब आज भी हम लोग चोरी करने के लिए आये थे कि आप ने पकड लिया। साहब हमसे गलती हो गयी माफ कर दीजिए ।

## बरामदगी का विवरणः-

1. चोरी करने के उपकरण ( 01 अदद पेन्चकश, 01 अदद लोहे की सरिया , 01 अदद प्लास, 01 अदद पाना )।
2. कुल 6200 रूपये बरामद।

## अभियुक्त विकास उर्फ गौरव चौहान उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 32/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़।
2. मु0अ0सं0 81/2025 धारा-305/331(4)/317(2) बीएनएस थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़।

## अभियुक्त पीतम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 32/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़।
2. मु0अ0सं0 81/2025 धारा-305/331(4)/317(2) बीएनएस थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़।

## अभियुक्त सरजीत चौहान उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 32/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़।
2. मु0अ0सं0 81/2025 धारा-305/331(4)/317(2) बीएनएस थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़।

## गिरफ्तार करने वाली थाना कम्पिल पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्या
2. व0उ0नि0 भभूती प्रसाद
3. उ0नि0 रामलखन
4. उ0नि0 उदयवीर सिंह
5. आरक्षी सन्तवीर
6. आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार
7. आरक्षी प्रिन्स युवराज

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**




GPS Map Camera
9HX5+PQF, Farrukhabad - Aliganj Rd, Bhikampura, Farrukhabad, Kharbandi Bhikampur, Uttar Pradesh 209625, India
Lat: 27.3992493
Long: 79.5592783
12-07-2025
06:37 PM
+0530
Wind
2 km/h
Pressure
998 hPa
Humidity
45 %
Temperature
34 °C
Google


GPS Map Camera
Farrukhabad, Uttar Pradesh, India
341, Bhairav Ghat Rd, 9hvp Cqh, Manhari, Farrukhabad, Uttar Pradesh 209625, India
Lat 27.393449° Long 79.586939°
12/07/2025 06:27 PM GMT +05:30
Google


26mm f/1.79 1/100s ISO143




कमालगंज, उत्तर प्रदेश, भारत
29a, कमालगंज, उत्तर प्रदेश 209724, भारत
Lat 27.260159° Long 79.633158°
12/07/2025 04:18 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Pataunja, Uttar Pradesh, India
7h23+mh6, Mdr9w, Pataunja, Uttar Pradesh 209739, India
Lat 27.25167° Long 79.554066°
12/07/2025 06:08 PM GMT +05:30
Google